>

Title: Need to provide a special package to the farmers of drought affected Bundelkhand region in Madhya Pradesh and also take measures to waive off the loans of farmers.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदय, समूचे बुंदेलखंड में सूखे की गंभीर स्थिति बनी हुई है। उत्तर प्रदेश के साथियों ने भी इस बात को उठाया है। मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड में, सागर, दमोही, टीकमगढ़, छत्तरपुर और पन्ना जिलों में पिछले तीन-चार सालों से कम बारिश होने के कारण सूखे की स्थिति निर्मित हो गई है। इस कारण वहां पर ये हालात निर्मित हो गए हैं एक तरफ जानवरों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है और दूसरी तरफ लोग बेरोजगारी के कारण अपने मकानों में ताले भी न लगाकर, दरवाजे पर कांटे रखकर, ऐसे ही छोड़कर दिल्ली और पंजाब की तरफ रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं। बुंदेलखंड की पहचान के विभिन्न स्थानों पर जो तालाब गांव से लेकर शहरों तक थे, वे सूख गए हैं। वहां पानी की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है और इस कारण मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश का जो सूखाग्रस्त बुंदेलखंड है, ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing will be recorded other than what the hon. Member speaks.

(Interruptions) â€¦*

श्री वीरेन्द्र कुमार : उसके लिए मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बुंदेलखंड के जिलों और बुंदेलखंड के किसानों के लिए 25000 करोड़ रुपए के विशेष आर्थिक पैकेज की मांग की गई, इस मांग को केंद्र सरकार पूरा करने में सहयोग करे।

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0): मैं श्री वीरेन्द्र कुमार द्वारा उठाए गए मुद्दे से अपने को सहबद्ध करता हूं।

श्री चन्द्रपाल सिंह यादव (झांसी): मैं श्री वीरेन्द्र कुमार द्वारा उठाए गए मुद्दे से अपने को सहबद्ध करता हूं।